हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–94 : जौनपुर, शनिवार 28 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी ने राजकोट में गिनवाईं सरकार की उपलब्धियां

गुजरात ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात की दो दिवसीय यात्रा के तहत राजकोट के एटकोट पहुंचे जहां उन्होंने नवनिर्मित मातुश्री केडीपी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस, दौरान वे हिंदी और गुजराती दोनों में लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली छक। सरकार राष्ट्रसेवा के 8 साल पूरे कर रही है। इस दौरान हमने ऐसी कोई गलती नहीं की कि सिर झुकाना पड़े। इन वर्षों में हमने गरीब की सेवा, सुशासन और गरीब के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने अस्पताल के उद्घाटन पर खुशी जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब सरकार के प्रयास में जनता का प्रयास जुड़ जाता है तो सेवा करने की हमारी शक्ति भी बढ़ जाती है, राजकोट में बना ये अस्पताल इसका बड़ा उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब गुजरात की धरती पर आया हूं तो मैं सिर झुकाकर गुजरात के सभी नागरिकों का आदर करना चाहता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली छक। सरकार राष्ट्रसेवा के 8 साल पूरे कर रही है। इस दौरान हमने ऐसा कोई गलत काम नहीं किया कि आपका सिर झुक जाए। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी माता–बहनों के जनधन बैंक खाते में सीधे पैसे जमा किए। किसानों और मजदूरों के बैंक खाते में पैसा जमा किया। हमने मुफ्त गैस सिलेंडरों की भी व्यवस्था की ताकि गरीब की रसोई चलती रहे। पीएम मोदी ने कहा कि 100 साल के सबसे बड़े संकट काल में भी देश ने ये लगातार अनुभव किया है महामारी शुरू हुई तो, गरीब के सामने खाने–पीने की समस्या हुई, तो



हमने देश के अन्न भंडार खोल दिए। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सुविधाओं को शत प्रतिशत नागरिकों तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। जब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है, भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं होती। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2001 से पहले केवल 9 मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 1100 सीटें थीं। आज आपको ये जानकर खुशी होगी कि अब यहां कुल 30 निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं और 8 हजार सीटे हैं। हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने 3 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर दिया और 9 करोड़ से अधिक गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाया। पीएम मोदी ने कहा कि 2.5 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को बिजली, 6 करोड़ से अधिक परिवारों को नल का पानी – यह सिर्फ डेटा नहीं है बल्कि गरीबों की गरिमा की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हमने देश के विकास को नई गति दी है। पीएम मोदी शाम चार बजे सहकार से समृद्धि विषय पर देंगे संबोधन प्रधानमंत्री मोदी गांध ीनगर के महात्मा मंदिर में शाम चार बजे सहकार से समृद्धि विषय पर सहकारिता संस्थानों के नेताओं के एक सेमिनार को संबोधित करेंगे। प्रध ानमंत्री इफ्को के नैनो यूरिया (लिक्विड) संयंत्र का उद्घाटन करेंगे।

## निर्माण कार्य में प्रगति कम रहने पर अवर अभियंता का काटा वेतन

जौनपुर सू.वि. : कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधि ाकारी मनीष कुमार वर्मा की अध यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य में प्रगति कम होने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अवर अभियंता का एक दिन का वेतन काटने तथा स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। अभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड बनने पर तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों का इलाज कम होने पर जिलाधिकारी ने धर्मापुर और मड़ियाहूं के प्रभारी चिकित्साधि ाकारियों पर नाराजगी जताई और उन्हें चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने महीने में 50 से भी कम इलाज करने वाले सभी ब्लॉक चिकित्सालयों को इसमें सुधार करने के लिए चेतावनी दी। इसके लिए धर्मापुर, करंजाकला, खुटहन, सिकरारा और सोंधी की स्वास्थ्य इकाइयों के प्रतिनिधियों पर नाराजगी जताई। जननी सुरक्षा योजना में भी उपलब्धि कम रहने पर नाराजगी जताई। वित्तीय सूचना उपलब्ध न करा पाने के लिए जिला लेखा प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही भविष्य में वित्तीय अनियमितता रोकने के लिए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध यक्षता में एक कमेटी बनाने का निर्देश दिया ताकि लेखा–जोखा का आडिट होता रहे और अनियमितता से बचाव हो सके। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर शत–प्रतिशत दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में बाहर की दवाइयां मिलने तथा बाहर से जांच होने पर गंभीर परिणाम होंगे। ऐसी स्थिति में संबंधित चिकित्साधि ाकारी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बुधवार और शनिवार को होने वाला ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) समाज में एक आदर्श स्वास्थ्य व्यवस्था के तौर पर स्थापित हो। वीएचएसएनडी पर ही गर्भवती व नवजात को सारी जांच व इलाज की सुविधा मिल सके। सारे प्रभारी चिकित्साधिकारियों (एमओआईसी) से उन्होंने कहा कि वह वीएचएसएनडी के दौरान ब्लड, यूरिन, शुगर जैसी बेसिक जांचों की सुविधा उपलब्ध करायें। वीएचएसएनडी की बैठक नियमित रूप से हो, उसका रजिस्टर मेंटेन किया जाये, रजिस्टर में ही सारी चीजें दर्ज की जायें। उन्होंने कहा कि गृह आधारित नवजात की देखभाल (एचबीएनसी) भी नवजात और गर्भवती के स्वास्थ्य में काफी सहयोगी हैं। आशा कार्यकर्ता और एएनएम के माध्यम से उनकी मानीटरिंग की जानी चाहिए। आशा और एएनएम के फीडबैक के आधार पर नवजात की ठीक से देखभाल कराना सुनिश्चित करें। जिससे उनके फीडबैक के आधार पर नवजात की देखभाल के लिए जरूरी कदम उठाया जा सके। आशा और एएनएम अपनी विजिट के दौरान सारे पैरामीटर्स पर चेकिंग करें जिससे कोई दिक्कत हो तो नजदीकी प्राथमिक (पीएचसी)/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर उनका इलाज कराया जा सके। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार को रेडक्रॉस सोसायटी का रिकॉर्ड मेन्टेन करने का निर्देश दिया। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह को स्वयं की देखरेख में मीटिंग आयोजित कराने को कहा। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिये, जिसे जनपद से निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा डीसीपीएम को निर्देशित किया गया कि जनपद की क्रियाशील हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर सभी सूचनाएं डिस्प्ले की जाए और फंड के अभाव में जो क्रियाशील नहीं हो पा रही है उसके लिए धन की मांग की जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की मॉनिटरिंग की जाए और सभी सीएचसी/पीएचसी पर साफ–सफाई का बेहतर इंतजाम हो, उपलब्ध उपकरण सक्रिय स्थिति में रहे। कोरोना टीकाकरण के संदर्भ में जिला प्रतिरक्षण अधि ाकारी डॉक्टर नरेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर 12 से 14 वर्ष और 15 से 17 वर्ष के युवाओं का टीकाकरण करवाएं और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करवाने के साथ ही टेस्टिंग की क्षमता को बढ़ाया जाय, उन्होंने कहा कि कोरोना के प्रति लापरवाही की दशा में गम्भीर परिणाम हो सकते है अतः हम सभी को कोरोना संक्रमण से बचाव के सभी उपाय अपनाने चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधि ाकारी (सीडीओ) अनुपम शुक्ला, सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह, सभी एसीएमओ, जिला बेसिक शिक्षाधि ाकारी, पंचायतीराज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## समाज में फैले चिंता नामक बेहद खतरनाक रोगों को जब तक जड़ से नहीं मिटा देंगे तब तक शांत नहीं बैठेंगेः नारायण सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संकल्प समस्या आपकी, समाधान हमारा। मन की शांति मुलाकात एक दमदार शख्सियत से अध्यक्ष बी काइंड इंडिया अपने आप सेवा के प्रति मूर्ति नारायण सिंह की बात ट्रेन से शुरुआत हुई बगल वाली सीट पर एक सभ्य महिला बैठी हुई थी उसी दौरान अगले स्टेशन पर बगल वाली सीट के लिए एक बुजुर्ग महिला का आगमन हुआ बातों बातों में महिला के आंखों से अपने परिवार के लिए आंसू गिरने लगे बगल की सीट पर बैठी सभ्य महिला ने सहारा दिया और उनके दर्द को जानना चाहा बातों बातों में बुजुर्ग महिला को हंसते हुए देखा एक उत्सुकता हुई ऐसी क्या बात है इस महिला में की रोते हुए को हंसा दे परिचय की उत्सुकता जागी पूछने पर पता चला पूर्वांचल ही नहीं वर्णन भारतवर्ष के मानसिक रोगी जिन का इलाज कहीं संभव नहीं हो पाता जिन से मिलने के लिए लोगों को अपॉइंटमेंट की होड़ लगी रहती है वहां शख्सियत हमारे बगल में बैठे हैं जिनका नाम है डॉक्टर शिवांगी श्रीवास्तव क्लीनिक साइकोलॉजिस्ट मैंने भी अपना परिचय बताते हुए अपने संस्था और अपने कारों को बताया मैडम ने अपने क्लीनिक पर जाकर मिलने को बोला उसके बाद हमारी संस्था और मनु शांति सेंटर फॉर मेडल हेल्थ केयर ने मिलकर कई रिहैबिलिटेशन कैंप को चलाया और डॉक्टर साहिबा ने वादा किया है



समाज में फैले चिंता नामक बेहद खतरनाक रोगों को जब तक जड़ से नहीं मिटा देंगे तब तक शांत नहीं बैठेंगे डॉक्टर साहिबा से बात करने के बाद पता चला है की चिंता से ही आज तक जितने रोग का नाम सुना है जैसे शुगर बीपी हॉट थायराइड आदि तमाम बीमारियां इसी प्रकार के रोग सब चिंता से होते हैं धन्यवाद अध्यक्ष महोदय आपने हमारी संस्था में अध्यक्षता पद को सुशोभित करने के लिए अपनी सहमति प्रकट की और पदभार संभाला मैं अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली समझता हूं आप इसी तरह से समाज की सेवा करते रहें और लोगों की दुआएं लेती रहें।

## भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने एवं गुरुकुल की पुनः स्थापना के संबंध में भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

आर एल पाण्डेय बिजनौर। भारत में हिंदुत्व की रक्षा करने वाला संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने संकल्प लिया था। योगी जी को मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में गो यज्ञ एवं राम कथा तथा 11 गौशालाओं का निर्माण किया जाएगा जो कि यह कार्य राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार कर रहा है एवं निरंतर सक्रिय रहकर समाज हित में भी कार्य करता है राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध यक्ष संस्थापक हिंदु देव प्रकाश शुक्ला जी द्वारा यह संकल्प लिया गया है जब तक भारत हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं हो जाता तब तक वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे इसी कड़ी में आज शनिवार प्रातः 11:00 बजे राष्ट्रीय युवा वाहिनी जनपद बिजनौर के विधानसभा नजीबाबाद के पदाधिकारियों द्वारा तहसील परिसर में एकत्रित हुए तथा उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई की, शीघ्र भारत में गुरुकुल की स्थापना की जाए। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित



किया जाए ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष और पंडित प्रफुल्ल वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष हार्दिक अग्रवाल, जिला महामंत्री हिमांशु तायल, नगर अध्यक्ष पारस चौधरी, नगर मंत्री मोनू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशाल पंडित, कपिल ठाकुर, अजय कुमार, आशुतोष नामदेव, अभय सिंघल, वासु मित्तल, पुष्पेंद्र कौशिक, सचिन पंडित अमन ग्रोवर आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व को निखारेः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को पूर्वांचल विश्वविद्यालय एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। इस मीट का आयोजन पूर्वांचल यूनिवर्सिटी एल्युमुनी एसोसिएशन (पूआ) द्वारा आयोजित किया गया था। पुरातन छात्रों को देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और उत्साह का संचार महसूस करने लगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं पुरातन छात्र काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डॉ. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी रोजगार के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण के लिए काम करें। इसके लिए उन्हें प्रेरित करना विश्वविद्यालय का भी दायित्व है। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहिए। उनका मानना है कि विश्वविद्यालय शिक्षा से ही नहीं संस्कार और परंपरा से भी आगे बढ़ता है। पूर्वांचल के विद्यार्थियों में ऊर्जा की कमी नहीं है, पुरातन छात्रों को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के विकास के लिए संकल्प लेना चाहिए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि हर व्यक्ति अपने आप में अनोखा है उसकी अपनी अलग पहचान होती है वह अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करें किसी दूसरे की नकल ना करें, जब आपका काम अच्छा होगा तो मातृशक्ति का सम्मान अपने आप आगे बढ़ता है और उस संस्था का नाम रोशन होता है। उन्होंने मोहम्मद जायसी द्वारा रचित महाकाव्य पद्मावत के बारहमासा का जिक्र कर बचपन की पुरानी यादें ताजा कर दीं। यह रचना उन पर सटीक बैठती थी जो पुरातन छात्र यहां आकर महसूस कर रहे थे। पूआ एसोसिएशन के सचिव और विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पद को कर्तव्य से जोड़ने से समस्या



का समाधान हो जाता है। पुरातन छात्रों का विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक रिश्ता बनता है और जब मिलते हैं तो कुछ आप बीती कुछ जग बीती होती है जिससे आपस में गहरा लगाव हो जाता हैं। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत डा. आशुतोष सिंह और विषय प्रवर्तन एसोसियशन के बारे में विस्तृत परिचय प्रो. राजेश शर्मा ने किया। समारोह का संचालन प्रोफेसर मुराद अली और ध ान्यवाद ज्ञापन डॉ. एसपी तिवारी किया। इसके बाद तकनीक सत्र चला। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा. रसिकेश ने बताया कि पूआ और यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इंटरफेस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में एक सेतु का काम करेगा। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राम नारायण, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. सुरजीत यादव, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. नुपुर घतिवारी, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ.रसिकेश, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नीतेश जायसवाल, डा. पुनीत धवन, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. श्रवण कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की अपील

आर एल पाण्डेय मोहाली। राष्ट्रीय युवा वाहिनी पंजाब की लालरू में एक मीटिंग हुई। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के सक्रिय कार्यकर्ता बलजीत शर्मा जी ने बताया कि आज हम सब लोगों को एक होने का समय आ गया



है कि हम सब लोग मिलकर जात पात को छोड़कर, भारत माता को हिंदू राष्ट्र घोषित करने में भारत को विश्व गुरु बनने के लिए जन जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद करना पड़ेगा। प्रदेश शहर गांव गली गली में जाकर 125 करोड़ हिंदुस्तानियों को जगाना होगा। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ला जी ने प्रण किया है कि जब तक भारत हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं होता जब तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। विजय शंकर गोस्वामी, पवन कुमार शर्मा, सुशील कुमार ,ओम प्रकाश दुबे, आरके मिश्रा, राघवेंद्र तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर लगाया निःशुल्क स्वास्थ शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर रमानाथ महाविद्यालय,ईशापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दी गई तथा महिलाओं एवं किशोरियों को फ्री सेनेटरी पैड नैपकिन वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर दक्षिणी भाजपा अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा राज्य मंत्री कार्यालय प्रभारी डॉ ब्रह्मेश शुक्ल,



महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी, महाविद्यालय के प्रबंधक सर्वेश मौर्य, अजय मौर्य व अर्जुन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे के अवसर पर आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि मौर्या, डॉ रितु मौर्या, डॉ शालिनी गुप्ता तथा फिजीशियन डॉ डी सी मौर्य ने सैकड़ों मरीजों को अपनी निशुल्क चिकित्सकीय सेवा प्रदान की। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमित पांडेय ने सभी मरीजों का रक्तचाप एवं ब्लड शुगर परीक्षण कार्य संपन्न किया। इस अवसर पर डॉ रश्मि मौर्या ने कहा कि 28 मई को मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे मनाने का मुख्य कारण महिलाओं के सामान्यतः 28 दिनों के पीरियड साइकिल का होना है। साफ–सफाई, संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या से पीरियड की अनियमितता से बचा जा सकता है। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधन, सभी उपस्थित चिकित्सकों तथा निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग देने के लिए डॉ राजेश मौर्य, डॉ हेमचंद मौर्य, ध्रुव जायसवाल, धर्मेंद्र सेठ, राजीव गुप्ता, दिलीप जायसवाल आदि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव तूलिका श्रीवास्तव, सह सचिव अर्चना सिंह, शीला राय, प्रियंका पांडेय, सुजाता जायसवाल, विजय लक्ष्मी यादव, सरला माहेश्वरी, पिंकी जायसवाल, उमा गुप्ता, विभा साहू, रजनी साहू, चेतना साहू, मीनू बरनवाल, संगीता गुप्ता, जय किशन साहू, सुहानी शाह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

समय ही जीवन है, समय को बर्बाद करना अपनें जीवन को बर्बाद करनें के समान है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## थाना लाइन बाजार पुलिस ने 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री जितेन्द्र कुमार दूबे क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार मिश्र थाना लाइनबाजार जौनपुर के मार्गदर्शन में, उ0नि0 सुधीर कुमार मय हमराह का0 कमलेश पाण्डेय के साथ देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित ,चेकिंग संदिग्ध ा वाहन व व्यक्ति से मामूर होकर कलीचाबाद तिराहे पर मौजूद था कि जरिये मुखबीर खास सूचना प्राप्त हुई कि दूबे ढाबा से 2–3 दीन पहले जो मो0 साइकिल चोरी हुआ था वही मोटर साईकिल भण्डारी स्टैण्ड मे खडी है जिसको चुराने वाले चोर छिपाकर रखे है अभी उसको वहा हटाकर कही और ले जाने वाले है यदि जल्दी किया जाए तो पकडे जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास कर हमराहीयान चौकी प्रभारी सिविल लाईन उ0नि0 सत्येन्द्र भाई पटेल मय हमराह कोबरा 06 का0 सुधीर ,का0 आनन्द को हरखुल तलब कर मुखबीरी सूचना से अवगत कराते हुए भण्डारी स्टैण्ड पर पहुचे कि देखा कि दो व्यक्ति दो मोटर साइकिल स्टैण्ड के वाहन किनारे खडी करके आपस मे कुछ बात चीत कर रहे है जिनकी तरफ मुखबीर इशारा करके हट बढ गया उक्त निशान देही पर हम पुलिस बल द्वारा उक्त दोनो व्यक्तियो व दोनो मो0 सा0 को घेर कर यही पकङ लिया गया पकङे गये व्यक्तियो से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम धर्मेन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 भवानी प्रसाद चौरसिया निवासी पुराना पान दरिबा मिसिरपुर थाना कोतवाली जौनपुर उम्र लगभग 27 वर्ष व दूसरे ने अपना नाम रजत मौर्या उर्फ मोनू पुत्र स्व0 राम राज मौर्या निवासी पुराना पान दरिबा थाना कोतवाली जौनपुर उम्र लगभग 24 वर्ष बताया । अभियुक्तगण उपरोक्त के पास से 02 चोरी की मोटर साइकिल व एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्तगणो को गिरफ्तार



कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1.धर्मेन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0भवानी प्रसाद चौरसिया निवासी पुराना पानदरिबा मिसिरपुर थाना कोतवाली जौनपुर उम्र 27 वर्ष। 2. रजत मौर्या उर्फ मोनू पुत्र स्व0 राम राज मौर्या निवासी पुराना पान दरिबा थाना कोतवाली जौनपुर उम्र लगभग 24 वर्ष। बरामदगी। 1. 02 चोरी की मोटर साइकिल ( न्6560४391 व न्62ल5302 ) 2. 01तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 169 / / 22 धारा 41 / 411 भा0द0वि0 थाना लाइन बाजार जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 170 / 22 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना लाइन बाजार जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 396 / 20 धारा 188, 323, 427, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 सुधीर कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर । 2. उ0नि0 सत्येन्द्र भाई का0 सुधीर ,का0 आनन्द थाना लाइन बाजार जौनपुर । 3. का0 कमलेश कुमार पाण्डेय, का0 सुधीर,का0 आनन्द थाना लाइन बाजार जौनपुर।

## थाना कोतवाली पुलिस ने 01 तमंचा व जिन्दा कारतूस एवं चोरी के मो0सा0 के साथ एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आपरेशन पाताल के तहत श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक जौनपुर के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधि ाकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में दिनांक 27.05.2022 को राजासाहब के पोखरा के पास से अभियुक्त अजीत शर्मा पुत्र सुधाकर शर्मा नि0 हुसैनाबाद थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त अजीत शर्मा उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक चोरी की मोटर साईकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 139 / 22 धारा 411 / 414 भादवि व मु0 अ0 स0 140 / 22 धारा– 3 / 25 आर्म्स एक्ट बनाम– अजीत शर्मा पुत्र सुध ााकर शर्मा नि0 हुसैनाबाद थाना कोतवाली जनपद जौनपुर के पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. अजीत शर्मा पुत्र सुधाकर शर्मा नि0 हुसैनाबाद थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0– 139 / 22 धारा– 411 / 414भादवि थाना कोतवाली,जौनपुर। 2.मु0अ0सं0– 140 / 22 धारा– 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली,जौनपुर। 3. मु0अ0सं0– 115 / 22 धारा– 307 / 399 / 402 / 41 / 411 भा0द0वि0 थाना लाइन बाजार ,जौनपुर। 4.मु0 अ0 स0 118 / 22 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना लाइन बाजार जौनपुर। बरामदगी। 1.एक तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर। 2.एक मो0सा0 पल्सर UP62AH0891 चेचिस नं MD2A11CZDCA06469 व इंजन नं DHZCDA96530 । गिरफ्तार




करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव चौकी प्रभारी सिपाह थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2.हे0 का0 दिनेश मौर्या, हे0 का0 राकेश सिंह थाना कोतवाली,जनपद जौनपुर। 3.का0 मेजर सिंह थाना कोतवाली जौनपुर।

## भारत विकास परिषद ने तम्बाकू न खाने की दिलायी शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद ने विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह के अंतर्गत जिला कृषि भवन कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों सहित अन्य को तम्बाकू, गुटखा, दोहरा एवं ध रुमपान का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विक्रम गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू, गुटखा, शराब आदि के सेवन से शरीर मे तमाम तरह की बीमारियां के साथ धन की हानि होती है। दन्त रोग विशेषज्ञ डा. गौरव प्रकाश मौर्या ने बताया कि तम्बाकू, दोहरा में पड़े केमिकल से मुख के कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। कैंसर हास्पिटल में इस समय जो भी मरीज आ रहे हैं, सब तम्बाकू, दोहरा, गुटखा इत्यादि के प्रयोग से हो रहा है। इससे बचें और नियमित अपने मुख एवं दांतों की जांच कराते रहे तो बड़ी बीमारी से बच सकते हैं। इसी क्रम में परिषद द्वारा 4 साल पहले इस तरह के कार्यक्रम से प्रभावित होकर कृषि विभाग के एक कर्मचारी द्वारा ध्रूमपान छोड़ने पर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अवधेश गिरी ने कहा कि संस्था




द्वारा लोगों को जागरूक करके शपथ दिलाने का कार्य 31 मई तक जगह–जगह चल रहा है। इसी क्रम में कृषि भवन में शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर शिव गुप्ता, सुजीत गुप्ता, डा. आशुतोष सिंह, संतोष अग्रहरि, नामवर यादव, दीपक यादव, गुलाब यादव, जितेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, राम मूरत, धर्मेन्द्र सहित तमाम लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में थाना गौराबादशाहपुर में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में थाना गौराबादशाहपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर 14 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त हुई, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि लेखपाल एवं पुलिस की टीम संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि ग्राम प्रधान यदि रिकॉर्ड में रास्ता है तभी नये रास्ते बनवाए, बिना उपजिलाधिकारी के अनुमति के कोई नया रास्ता नहीं बनाया जाए। ग्राम पंचायत उमरी के ओमप्रकाश सिंह के द्वारा शिकायत की गई की उनके जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, सूचना देने पर भी लेखपाल मनोज राठौर के द्वारा समुचित कार्यवाही नहीं की गई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गए। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से भूमि विवाद की शिकायतें अधिक आई। जिलाधिकारी ने परिसर में ही बन रहे बैरक के प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विस्तार से अपराध रजिस्टर, पूछताछ रजिस्टर, एससी – एसटी रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर सहित अन्य का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, क्षेत्राधिकारी केराकत थानाध्यक्ष गौरव शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## थाना सिकरारा पुलिस ने 02 अभियुक्तों किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराध ीयो के विरूध्द सघन अभियान के क्रम मे व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी सदर महोदय व थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय उ0नि0 प्रशांत पाण्डेय मय के थाना से प्रस्थान कर देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / संदिग्ध वाहन ,तलाश वांछित के दुदौली नहर पुलिया पर



मौजूद था कि जानकारी मिली की शातिर अपराधी अवैध असलहो के साथ मछलीशहर से तोफापुर की तरफ आ रहे है , तोफापुर पुलिया के पास उपरोक्त दोनो व्यक्तियों को मय अवैध असलहो के साथ पकड़ा गया । पकड़े गये अभियुक्तगण का नाम क्रमशः 1.मो0 सादाब पुत्र मो0 जमील अहमद नि0 पुरानी बाजार थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 2. रहमान खान पुत्र कमाल खान नि0 पुरानी बाजार थाना मछलीशहर जौनपुर को हिरासत पुलिस मे लेकर विधि ाक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता दृ 1.मो0 सादाब पुत्र मो0 जमील अहमद नि0 पुरानी बाजार थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 2.रहमान खान पुत्र कमाल खान नि0 पुरानी बाजार थाना मछलीशहर जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0–123 / 22 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0स0–124 / 22 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। बरामदगी दृ 1.दो अवैध देशी तमंचा 0.315 बोर। 2.दो कारतूस 0.315 बोर। 1.एक मो0सा0 सुपर स्पेलेण्डर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमदृ 1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 प्रशांत पाण्डेय थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 जितेन्द्र यादव, हे0का0 अमित सिंह थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 5.का0 जयप्रकाश कन्नौजिया, का0 अजीत दूबे थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## वर्षगांठ के बहाने जन संवाद ही उद्देश : अशोक सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "जन्मदिन हो या शादी की सालगिरह हो ऐसे निजी अवसरों पर मेरा उद्देश्य हमेशा यही रहता है कि अपने परिवार के साथ समाज के लोगों से मिलकर संवाद स्थापित किया जाय। सबका सुख दुख बाटा जाय। मैं हमेशा इसी तरह अपना व्यक्तिगत कार्यक्रम करता हूं। यह बातें प्रसिद्ध उद्योगपति, जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी




,राजनेता श्री अशोक सिंह ने कही । अपनी शादी की तीसवीं सालगिरह के अवसर पर वह पत्रकारों से मुखातिब थे।30 वर्ष के सफल दांपत्य जीवन के संबंध में अशोक सिंह ने कहा कि मेरे जीवन की सफलता में मेरी पत्नी का बहुत योगदान रहा है। यही वजह है कि मैं समाज में एक मुकाम बना सका हूं। हालांकि मैं मानता हूं की जन्मदिन या सालगिरह बहुत ही निजी अवसर हैं फिर भी इन अवसरों पर लोगों के बीच जाकर उनसे बातचीत करना ज्यादा ही उपयुक्त है । इस अवसर पर मेरा पूरा परिवार, मेरे इष्ट मित्रों ने मुझे आशीर्वाद दिए इससे मैं अभिभूत हूं। इसके लिए मैं उन सबका आभार व्यक्त करता हूं।

## नवागत खंड शिक्षा अधिकारी बक्सा राजेश कुमार सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 27 मई 2022 को बीआरसी बक्सा पर समय 10:00 बजे नवागत खंड शिक्षा अधिकारी बक्सा श्री राजेश कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया संगठन के सभी



पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया विगत कार्यकाल इनका जनपद गाजीपुर मैं सैदपुर ब्लॉक में था कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर देने की बात कही उन्होंने कहा कि कभी कार्य को छोड़ा नहीं जा सकता कार्य करने पर ही कार्य पूरा होता है कार्य छोड़ने पर कार्य और अधिक हो जाता है इसलिए हमारी प्राथमिकता रहेगी ब्लॉक में कि जिस कार्य को जब करना है उसी समय निपटाए इस मौके पर संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे संगठन से उन्होंने सहयोग की अपेक्षा की सहयोग की अपेक्षा में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बक्सा सरोज सिंह ने कहा भी सहयोग अपेक्षित रहेगा इस मौके पर संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह सुनील कुमार प्रजापति उपेंद्र उपाध्याय मनोज कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एनपीआरसी चितौड़ी शैलेंद्र कुमार सिंह एनपीआरसी गौरा राजनाथ सिंह मनीष मिश्रा मनीष सोमवंशी रत्नेश प्रताप सिंह संतोष उपाध्याय बक्सा ब्लॉक के सभी न्याय पंचायत प्रभारी और सभी ए आर पी उपस्थित रहे।

## सीडीपीओ की मेहनत रंग लाई : 400 ग्राम बढ़ा बच्ची का वजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बकरी और अपने भोजन की व्यवस्था में दिक्कत देख दादी मां बच्ची को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कराने के लिए तैयार नहीं थीं। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मनोज कुमार वर्मा ने पहले मां और फिर पिता से बात की। उनकी मेहनत रंग लाई। एक सप्ताह में ही अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्ची का वजन 400 ग्राम बढ़ गया। वह स्वस्थ होकर घर चली गई। बच्ची को स्वस्थ देखकर अब उसकी मां फूले नहीं समा रही है। मामला सिरकोनी ब्लाक के हौज गांव का है। वहां के पवन राजभर और ज्ञानती के घर नौ फरवरी बेटी पैदा हुई। 19 फरवरी को उसका वजन 2.300 किलोग्राम था। इससे वह सुस्त रहती और दूध भी नहीं पीती थी। वहां की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इन्दूबाला उसके घर गईं। उन्होंने बच्ची की मां से उसके स्वास्थ्य के संबंध में बात की और बच्ची को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कराने को कहा। सब कुछ जानकर मां तो भर्ती कराने के लिए तैयार हो गई लेकिन बच्ची की दादी नहीं तैयार हुईं। उसने कहा कि तुम चली जाओगी तो बकरी को कौन खिलाएगा और कौन मुझे खाना बनाकर खिलाएगा। परिवार को समझा पाने में नहीं कामयाब होने पर इन्दूबाला ने स्थिति को गंभीरता से सिरकोनी के सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा को अवगत कराया। इस पर सीडीपीओ भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्ची की दादी से पूछा कि बच्ची को एनआरसी में भर्ती कराने से आपको क्या दिक्कत है? भर्ती कराने से उसका वजन बढ़ जाएगा। वह स्वस्थ हो जाएगी। जितने दिन भर्ती रहेगी प्रतिदिन 50 रुपये के हिसाब से मिलेगा भी। बच्ची की दादी तब भी तैयार नहीं हुईं। दादी के नहीं तैयार होने पर सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा ने बच्ची के पिता पवन राजभर से बात की। वह चेन्नई में नौकरी करते हैं। उन्हें समझाया कि बच्ची बहुत कमजोर है और कभी भी कुछ हो सकता है। भर्ती करा दीजिये, वहां पर नहीं अच्छा लगता है तो तुरंत गाड़ी से वापस करा दूंगा। 15 मिनट समझाने पर पिता तैयार हो गए। बच्ची एक सप्ताह भर्ती रही। इस दौरान उसका वजन 400 ग्राम बढ़ गया। 25 मई को वह डिस्चार्ज हो गई। इस समय उसका वजन 2.700 किलोग्राम हो गया। अब देखने में भी अच्छी लग रही है। सीडीओ ने किया था निरीक्षण





– बच्ची के भर्ती रहने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनुपम शुक्ला एनआरसी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बच्ची की मां ज्ञानती से पूछा था कोई दिक्कत तो नहीं है? दिक्कत हो तो बताना। इस दौरान डीपीओ डा आरबी सिंह तथा सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा भी मौजूद थे। 23 जून 2020 को खुलने के बाद से लेकर आज तक एनआरसी ऐसे ही 303 बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराकर उनके मां–बाप के जीवन में खुशहाली दे चुका है। एनआरसी प्रभारी डॉ राम नगीना कहते हैं कि यहां पर कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए चार श्रेणियां बनी हुई हैं जिन्हें हम स्टैंडर्ड डेविएशन (एसडी) कहते हैं जो कि बच्चे की उम्र और बाजुओं की गोलाई नापकर तय किया जाता है। 01 एसडी और 02 एसडी श्रेणी के बच्चों का इलाज स्थानीय प्राथमिक / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही हो जाता है। 03 एसडी श्रेणी के बच्चे एनआरसी आते हैं जबकि चौथी श्रेणी में न्यूरो और कार्डियक पीड़ित बच्चे आते हैं। उनका इलाज मेडिकल कालेज में होता है। उन्होंने बताया कि एनआरसी आने बच्चे की पहले दिन भूख की जांच की जाती है। बच्चे और उसकी मां को समय–समय पर खाना दिया जाता है। बच्चे की कुपोषण की स्थथिति के अनुसार डाइट चार्ट तैयार कर उसे पोषक भोजन दिया जाता है। साथ आने वाली मां / अभिभावक को 50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अलग से खाने के लिए मिलता है। बच्चे की जांच और दवा सब मुफ्त रहती है। जो दवा अस्पताल में रहती है, दे दी जाती है। नहीं रहती है तो खरीद कर दी जाती है। अस्पताल आने–जाने में भी मरीज का कुछ खर्च नहीं होता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के लोग, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम उसे लेकर आते हैं और ले जाते हैं। पीड़ित परिवार का पैसा खर्च नहीं होता है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी धर्मापुर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी, धर्मापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर को निर्देशित किया कि परिसर में जितने भी जर्जर भवन है, उन्हें तत्काल गिराने की कार्यवाही की जाए और परिसर में एक सुंदर पार्क बनाया जाए। कार्यालय में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल बनाये जाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा विकासखंड में मनरेगा के प्रोजेक्टों की जानकारी प्राप्त की गयी और समय से पूर्ण कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया गया। उन्होंने ग्रांट रजिस्टर, उपस्थिति पंजिका, भ्रमण पंजिका सहित कर्मचारियों के जीपीएफ एवं सर्विस बुक का विस्तृत निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि निरीक्षण पंजिका एवं ग्रांट रजिस्टर को अपडेट किया जाए। अभिलेखों का रख–रखाव समुचित ढंग से किया जाए। जिलाधि ाकारी के द्वारा शौचालयों की समीक्षा की गई और निर्देश दिया गया कि पुराने शौचालयों का भी सत्यापन किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूछा कि प्रतिदिन कितनी डिलीवरी हो जाती है जिस पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ इंद्रजीत यादव के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन दो से तीन डिलीवरी हो जाती है और ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज आते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों को लगाए जाने वाले सभी टीके उपलब्ध ा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में फर्नीचर व अन्य आवश्यक यंत्र उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नई सीएचसी बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा जाए। इसके उपरांत जिलाधि ाकारी के द्वारा महिला वार्ड, प्रसव कक्ष सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया गया। परिसर स्थित कस्तूरबा गाँधी विद्यालय की छत ठीक कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं ब्लाक प्रमुख विमलेश यादव के द्वारा संयुक्त रूप से अस्थाई प्रसव केंद्र का उद्घाटन किया गया। परिसर में ही जिलाधि ाकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख विमलेश यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। अभियोजन निदेशालय, उ0प्र0 में निर्दिष्ट जनपद स्तर गठित स्थाई कमेटी द्वारा आपराधिक मामलों में दोषमुक्त (एक्विटल) हुए वादों की समीक्षा के साथ–साथ दोषसिद्धि (कनविक्शन) के वादों की भी समीक्षा किये जाने हेतु जिला शासकीय अधि ावक्ता (फौजदारी) संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया। अनु0जाति / अनु0जनजाति न्यायालय से जितने वादों में दोषमुक्त हुए है, उनकी समीक्षा जनपदस्तरीय कमेटी के समक्ष रखकर समीक्षा कराये जाने हेतु अनु0जाति / अनु0जनजाति के शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी को इस हेतु महीने में किसी दिन निर्धारित कर समीक्षा की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पॉस्को ऐक्ट के वादों पर विशेष ध्यान देते हुए सम्बन्धि ात शासकीय अधिवक्ताओं को अधि ाक से अधिक कनविक्शन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू–राजस्व) रजनीश राय, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेन्द्र कुमार सिंह, जे0डी0 अभियोजनए0के0 श्रीवास्तव, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी / सिविल / राजस्व) तथा ए0पी0ओ0 समस्त शासकीय अधिवक्ता एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आई०टी०आई० परिसर में होगा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय व कौशल विकास मिशन तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में 31 मई 2022 को प्रातः 10 बजे आई०टी०आई० परिसर में "o`gn रोजगार मेलाष् का आयोजन किया गया है। जिससे निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियॉ टेस्को रेनेबुल एनर्जी सल्यूशन, सुधिवा स्पींस प्रा०लि०, ब्राईटफ्यूचर आग्रेनिक हर्बल्स एवं आयुर्वेद प्रा०लि०, न्यू शक्ति बायो फर्टिलाइजर्स प्रा०लि०, हॉली हर्ब्स काम, स्कील स्योस लरनिंग एवं टेक्नोलॉजी प्रा०लि०, सैडिक इण्डिया प्रा०लि०, के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। इन कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराये जाने हेतु साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# गोवध के अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले जियाउल ठाकुर गिरफ्तार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिहारी जिला संवाददाता)जिले के मवई पुलिस ने इस समय एक बार फिर गोवधिकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया।पुलिस गोवध के अवैध कारोबार में लिप्त एक एक अपराधि यों को दबोचकर उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है।विगत तीन दिन में अब तक तीन शातिर गोवधिक को दबोचकर जेल भेज चुकी है।अभी हाल ही में मवई पुलिस गोवध के एक अवैध कारोबार का भांडा फोड़कर उसमें शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था।उसके बाद से ही मवई पुलिस चौकन्नी होकर इन अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की सुरागरसी लगाना शुरू कर दिया था।और विगत चार दिनों से लगातार गोवधिकों के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा चुकी है, वही मवई थाने के दरोगा कर्मबीर सिंह के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी तो शुक्रवार को बाबा बाजार चौकी प्रभारी मनोज कुमार के हाथ भी एक कामयाबी लग गई।जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को जब दरोगा कर्मबीर सिंह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि तभी उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के शातिर गोवधिक नेवरा पेट्रोल पंप के पास खड़ा था।उसके कमर में एक तमंचा भी लगा है।सूचना मिलते ही एसआई कर्मवीर सिंह हल्के के सिपाहियों को मौके पर बुलाते हुए बिना डरे अकेले ही पेट्रोल पंप पर पहुंच गए।जिसे देखते गोवधिक जंगल की ओर भागा।दरोगा भी मोटर साइकिल छोड़ पीछे दौड़ पड़े और थोड़ी दूर जाकर वो लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़ा।पीछे से दरोगा जी पहुंचकर उसे दबोच लिया।वही शुक्रवार को बाबा बाजार चौकी प्रभारी हुनहुना गांव निवासी शातिर गोवधिक अपराधी वसीम को गिरफ्तार कर लिया।मवई थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया जियाउल ठाकुर व वसीम दोनों शातिर अपराधी है।इनके विरुद्ध गोवध के कई मुकदमे दर्ज है जियाउल पर वर्ष 2019 में गुंडा एक्ट व 2022 में गैंगेस्टर की कार्यवाही की गई है।गैंगेस्टर मामले भी ये वांछित था।इनके पास से पुलिस को एक 315 बोर का देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद होता है।इन्होंने बताया अब तक गोवध में शामिल इम्तियाज वसीम व जियाउल ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है।शेष की तलाश जारी है।मवई थाना क्षेत्र में पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद गोवध का अवैध कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है।अभी एक माह पूर्व मवई थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में गोमांश बरामद हुआ था।उसके बाद से पुलिस इस अवैध कारोबार पूर्व में अभियुक्त बने लोगों को भी दबोचना शुरू कर दिया है।पहले इम्तियाज फिर जियाउल ठाकुर और शुक्रवार को वसीम को भी पुलिस गिरफ्तार को जेल भेज दी है।सूत्र की माने तो गोवध के अवैध कारोबार में ऐसे अभियुक्तों के तार जरूर जुड़े रहते है।नेवरा गांव के आस पास के गांवों में रहने वाले ये गोवधिक ठिकाना बदलकर अवैध कारोबार को अंजाम देते है।कभी जंगल झाड़ी तो कभी तालाब के किनारे कभी कोई बाग तो कभी गोवधिकों का घर।ऐसे ठिकाना बदलकर ऐसे शातिर गोवधिक अपराधी इस अवैध कारोबार को अंजाम देते है।

# राना जी फाउंडेशन के तत्वाधान में ईद मिलन समारोह मुशायरा एवं कवि सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न

अयोध्या ब्यूरो : रफीक शादानी एवं इस्लाम सालिक साहब की याद में नेशनल ब्रेंस अकेडमी स्कूल मिर्जापुर अयोध्या के प्रांगण में राना जी फाउंडेशन द्वारा ईद मिलन समारोह मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिस का संचालन मशहूर शायर मुजम्मिल हुसैन फिदा ने की शोभनाथ 'अनाड़ी' जी की अध्यक्षता में हाफिज सादिक अमीन द्वारा ईश्वरीय पुस्तक कुरान पाक के श्लोक और अनुवाद से करते हुए जैद नामक बच्चे से अल्लामा इकबाल की बहुत प्रसिद्ध बच्चों की दुआ नामक नज्म से बहुत खूबसूरत आवाज में,, लब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी,, से किया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंच पर उपस्थित माननीयों का परिचय कराते हुए सम्मानित किया, इस आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश और विदेश में अपने शहर फैजाबाद के नाम को रोशन करने वाले हर दिल अजीज हास्य कवि,, रफीक सदानी और गंभीर चिंतन के शायर इस्लाम सालिक साहब की याद को ताजा करने और उनके चाहने वालों को एकत्रित करना और समाज को प्यार मुहब्बत भाई चारा का संदेश देना है, इसी कड़ी में एहतेशाम खान, फामी, ने अपने पिता इस्लाम सालिक साहब की कविता पढ़ी और बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम को बहुत दिनो से करना चाहता था लेकिन लॉक डाउन और उसके बाद बढ़ती समस्याओं के कारण इतना विलंब हुआ! लेकिन अब हमारे नेशनल ब्रेन एकेडमी स्कूल के प्रांगण में कवियों और शायरों का कार्यक्रम अब चलता रहेगा! फाउंडेशन अध्यक्ष फर्रुख सईद खां ने फाउंडेशन का परिचय कराते हुए कहा कि समाज के उत्थान और उत्तम भविष्य के लिए सदैव कार्यरत रहने वालों का राना जी फाउंडेशन स्वागत करता है सबके लिए द्वार खुले है सब का पूरा समर्थन करने का वादा करता है, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिरोज खघन गब्बर रहे,विशिष्ट अतिथि इरफान सिद्दीकी साहब, प्रिंसिपल दर्सगाह ए इस्लामी मुगलपुरा रहे तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकापुर के मशहूर कवि शोभनाथ अनाड़ी जी ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शाहनवाज आलम (यूनियन बैटरी), डा मो. अहमद,दिलशाद भाई,एजाज अहमद(बावर्ची), मो दानिश सोनी, मास्टर शफीक, मो सादिक, अम्मार अहमद, नेशनल ब्रैंस एकेडमी के निर्देश एहतेशाम खां फामी, अज्ञात सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू भाई, अबूजर, उसैद अहमद,सद्दाम खान आदि ने मुख्य रूप से योगदान दिया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनाब शाहिद जमाल, जनाब सलाम जाफरी,जनाब इल्तेफात माहिर ,जनाब राम दुलारे यादव 'बौद्ध',नीरज सिन्हा 'नीर', एड. डी शर्मा, जनाब शोभनाथ अनाड़ी,जनाब मुजम्मिल फिदा, जनाब मोतीलाल तिवारी, मास्टर मो. शफीक साहब , नजमी कमाल साहब 'गोंडवी ,' ने अपने कीमती अशआर और कविता पढ़ कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। छोड़ कर जाने लगे हमको इक इक करके बुजुर्ग, कैसे बच्चों की तरह कोई शरारत की जाये।(शाहिद जमाल) वह भी जान देते हैं हम भी फिदा हैं उन पर बे वजह परेशां हैं लोगों आने जाने पर (मुजम्मिल फिदा) आप भी अपनी इसलाह खुद कीजिए, शहर में आया है जादूगर नया (सलाम जाफरी) को लोगों ने खूब सराहा। ,इसके बाद,, नजमी कमाल गोंडवी ने अंतिम ईश दूत हजरत मोहम्मद साहब सब के लिए शीर्षक पर बोलते हुए कहा कि दुनिया में सभी धर्म के विद्वानों ने मोहम्मद साहब को सम्पूर्ण मानव जगत के लिए आदर्श बताया है,,, इस लिए सब को अधिकार है कि उनके जीवन और संदेश का अध्यन करें,, और आयोजन में उपस्थित लोगों को उपहार में पुस्तक भेंट किया। कार्य क्रम के अंत में जमीर राना,,थाना जी फाउंडेशन के निदेशक, ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि,, भविष्य में फाउंडेशन मेडिकल चेकअप कैंप और मिस्टर अयोध्या बॉडी बिल्डिंग शो कंपटीशन भी करवाएगा, समापन की घोषणा कार्यक्रम की निजामत कर रहे मुजम्मिल फिदा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमर मुस्तफा खघन(निदेशक फैजाबाद पब्लिक स्कूल), ई अली आरिफ, मास्टर अलीमुल्लाह साहब(वाइस प्रिंसिपल दर्सगाह ए इस्लामी),अब्दुल गफ्फार फलाही,सद्दाम खान उमर मुस्तफा खान, मो अरबी, साबिर राइन, लाल जी वर्मा, सुधाकर दयाल , एजाज अहमद सिद्दीकी,जावेद खां रौनाही,सैय्यद सलमान,सलीम सभासद, मो कदीर,बख्तियार खान, मो कमर राइनी ,जियाउल हकघ, मो दानिश ज्वेलरी हाउस, डा. शोएब आदि उपस्थित रहे।

# छात्र नेता द्वव ने राज्यपाल और सीएम से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहरा कर भ्रष्टाचार के खिलाफ किया जंग का ऐलान

अयोध्या ब्यूरो : अवध विश्वविद्यालय के स्थापना के लिए आंदोलन और सक्रिय योगदान करने वाले समाजसेवी के उत्कृष्ट शिक्षा का पवित्र मंदिर बनाने के सपनों पर यहां के जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार और गैर जिम्मेदाराना तरीकों ने पानी फेर दिया है प्रोफेसरों के चयन का मामला हो या फिर परीक्षा में विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने शिक्षकों को मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करने या प्रायोगिक परीक्षाओं में परीक्षकों के नियुक्ति के मामलों में मनमानी नियम कानून ताक पर रखकर अपने चहेतों को उपकृत करने का विश्वविद्यालय में खूब खेल चल रहा है यहां पर काफी दिनों से जमे हुए नान पीसीएस संवर्ग के कुल पद के कृपा पात्र अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की त्रिवेणी बहा दी जहां तक की कुछ दिन पूर्व प्रोफेसर चयन के अभिनेताओं की शिकायत करने वाले महाविद्यालय के शिक्षा प्रोफेसर अंजनी त्रिपाठी के खिलाफ फर्जी शिकायत कराके उनकी पीएचडी की डिग्री की जांच का डर दिखाकर उनकी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा वहीं एक अन्य विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के प्रोफेसर वीपी सिंह के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के शिकायती पत्र ने विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार को खोल के रख दिया है यह ताज्जुब की बात तो तब है कि यह के मुखिया कुलपति और रवि शंकर सिंह द्वारा उपरोक्त प्रकरणों से पल्ला झाड़ते हुए अज्ञानता बताने और संज्ञान में आने पर कार्रवाई करने की बात से हैरानी हो रही है जबकि मीडिया में महीनों पहले से अवध विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में किए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले छप रहे हैं अपने चहेते सहायक अधिकारियों के सहारे वर्तमान कुलपति ने अवध विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार की त्रिवेणी बना दिया है इसका आरोप खुद ही साकेत महाविद्यालय, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के दोनों शिक्षकों की और समाजसेवी नाथ बक्श सिंह की शिकायत से स्वयं प्रमाणित हो जाता है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता रहे वीर भानु प्रताप सिंह और कृष्णकांत पांडे दिनकर ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री से अवध विश्वविद्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल के मास्टर खिलाड़ियों के खिलाफ जांच बैठा कर भ्रष्टाचार में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने की मांग दोहराई है ऐसा ना होने पर दोनो छात्र नेता सड़क पर उत्तर कर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वहीं पर समाजसेवी एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक व श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को विश्वविद्यालय के उपरोक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महा नायक स्व बाबू बालेश्वर लाल जी की 35वीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में हुई श्रद्धांजलि सभा

अयोध्या ब्यूरो : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ प्र के संस्थापक महा नायक,परम पूज्य, श्रद्धेय बाबू बालेश्वर लाल जी की 35वीं पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालय पर प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या के सभागार में संस्थापक जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रहकर महान् विभूति को शत् शत् नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। देव बक्श वर्मा जिला अध्यक्ष अयोध्या ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व बाबू बालेश्वर लाल जी का जन्म गडवार जिला बलिया में हुआ था। यद्यपि वे इण्टर कालेज के प्रवक्ता रहते हुए ग्रामीण क्षेत्र की पत्रकारिता करते थे जिस कारण ग्रामीण पत्रकारो की पीड़ा को बखूबी समझते थे। वह पीड़ा उन्हें अखरने लगा।जिस कारण उनके मन में ग्रामीण पत्रकारों के लिए एक मंच बनाने का संकल्प लिया और 8 अगस्त 1982को सात पत्रकारों के आपसी विचार–विमर्श कर समिति का गठन किया जिसके अध्यक्ष श्री लाल जी को बनाया गया। और तीन साल कठिन परिश्रम से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रदेश स्तर पर स्थापित कर दिया। वर्ष 1986 मे संगठन को पंजीकृत करा दिया। पहला प्रांतीय सम्मेलन फरवरी 1987 में गंगा प्रसाद मेमोरियल हॉल लखनऊ की धरती पर कराया। किन्तु दुख की बात है कि वे हम लोगों को छोड़कर 27 मई 1987को परम लोक को चले गए। उनके स्वर्ग वासी होने के बाद उनके जेष्ठ पुत्र श्री सौरभ कुमार जी के नेतृत्व में संगठन ऊंचाईयों की तरफ अग्रसर है।श्री लाल जी के पुण्य तिथि को ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मना रहे हैं।अब हमारी जिम्मेदारी है कि संस्थापक जी के द्वारा लगाए गए संगठन रुपी वट वृक्ष को उनके आदर्शों, तथा दिखाते मार्ग पर चलकर संकल्प लिया जाय कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मिशन को आगे बढ़ाते रहेंगे। ऐसे महापुरुष को शत् शत् नमन। कृष्ण सिंगार मिश्र जिला मंत्री ने कहा कि संस्थापक जी की सोच बहुत ही ऊंची थी। ग्रामीण पत्रकारों के दर्द को नजदीक से देखा था। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार की पीड़ा को बखूबी समझते हुए दूर करने का संकल्प लिया। ऐसे महान सपूत को शत शत नमन। हृदय राम मिश्र तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर ने कहा कि संस्थापक जी के पुण्य तिथि को ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मना रहे हैं। संगठन के पुरोधा को हृदय की गहराइयों से नमन। सम्पूर्णानंद बागी संगठन मंत्री ने कहा कि संस्थापक जी के दिमाग की उपज ही नही बल्कि आज की आवश्यकता भी थी जिसे वे उस समय जान गये थे।ऐसे पुण्य आत्मा को शत् शत् नमन। डॉ दया शंकर जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि संस्थापक जी द्वारा रोपित संगठन रुपी वट वृक्ष आज संगठन की कर्मठता, एकता, सदस्यों की एकजुटता, संख्या बल, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में होने वाले सम्मेलन, संकल्प का परिणाम है किआज संगठन ऊंचाईयों की तरफ अग्रसर है। संस्थापक जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अशोक कुमार वर्मा तहसील अध्यक्ष बीकापुर ने कहा कि संस्थापक जी के आदर्शों व पदचिन्ह पर चलकर संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रामनाथ शर्मा ने कहा कि संस्थापक जी ग्रामीण पत्रकारिता के जनक थे। जिनके द्वारा बनाए गए संगठन की छाया में आज हम सुख की अनुभूति कर रहे हैं। ऐसे महापुरुष को शत् शत् नमन। अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थापक जी द्वारा बनाये गये संगठन की छाया सभी ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को पूरे प्रदेश में मिल रही।ऐसे आत्मा को सादर प्रणाम नमन। श्रद्धांजलि सभा में अनूप श्रीवास्तव,बलवन्त यादव, हृदय राम मिश्र, अखिलेश सिंह, ओमप्रकाश, रामनाथ, अशोक कुमार, अवधेश कुमार, फूल चन्द्र, एस एन,पवन कुमार, तिवारी,डीएस मौर्य, आदि पत्रकार गण ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पद चिन्हों पर चल कर संगठन को आगे बढ़ाने की बात कही।

# कृषि विश्वविद्यालय के 32 छात्र उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में चयनित

अयोध्या ब्यूरो : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कृषि, उद्यान एवं कृषि अभियांत्रिकी संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले अभी तक प्राप्त सूचना के आधार पर 32 से अधिक छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि सेवा के अंतर्गत, उच्च शिक्षा, (पीसीएस)एवं सचिवालय आदि में वरिष्ठ तकनीकी सहायक, सहायक अध्यापक, समीक्षा अधिकारी आदि पदों पर चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने समस्त चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को रोजगार परक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिए जाने का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय के छात्र प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में निरंतर सफल हो रहे हैं । डॉ सिंह ने यह भी कहा कि भविष्य में भी छात्रों को रोजगार का अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता रहेगा जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रांतीय कृषि सेवा के अंतर्गत् जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र एवं वरिष्ठ तकनीकी सहायक के 564 पदों के लिए दिसंबर 2020 में आवेदन मांगा था, जिस हेतु उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने इन पदों के लिए पहली बार अलग से कृषि सेवा के अंतर्गत विज्ञापन जारी किया था ।इसके पहले इन पदों की भर्ती सम्मिलित राज्यअवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) के माध्यम से की जाती थी । वरिष्ठ तकनीकी सहायक का चयन दो चरणों में प्रारंभिक एवं लिखित परीक्षा द्वारा किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कृष्ण कुमार, राम निवास, शुभम सिंह , शिवानंद मौर्य, पवन कुमार सिंह, अभिमन्यु यादव, आनंद सिंह, सौरभ तिवारी ,प्रभात रंजन पांडे, अजय कुमार, अभिषेक कुमार ,आशुतोष कुमार, दीपक सिंह ,विवेक सिंह, सुधाकर, लकी तिवारी, मनीष कुमार मौर्या, राजेश सैनी, सुधीर कुमार, अनिल कुमार, तारकेश्वर, राकेश कुमार, विपिन कुमार मौर्या, अमित पांडे, निशाकांत मौर्या, कु. शैलू यादव, श्वेता श्रीवास्तव, संदीप यादव ,राहुल शुक्ला तथा सहायक प्राध्यापक– अंकुर महेंद्रा आर्य एवं समीक्षा अधिकारी– सुधाकर भारती चयनित हुए।चयनित छात्रों ने कृषि सेवा, (पीसीएस) ,उच्च शिक्षा आदि में नियुक्ति प्राप्त करने का श्रेय नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के रोजगार परक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा को दिया। विश्वविद्यालय में विगत गत् वर्षों से निरन्तर हो रहे छात्रो की नियुक्ति एवं प्रथम बार इतनी संख्या में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में विश्वविद्यालय के छात्रों के चयन से खुशी की लहर दौड़ गई, विश्व विद्यालय के समस्त अधिष्ठाता शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कमिश्नर ने की व्यापार अधिकार मंच व अन्य संगठनों की जिले के उच्च अधिकारियों के साथ अति महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो : मण्डल के कमिश्नर नवदीप रिणवा के आमंत्रण पर व्यापार अधिकार मंच व अन्य संगठनों की जिले के उच्च अधिकारियों के साथ अति महत्वपूर्ण बैठक पुलिस लाइन सभागार में बीती रात सम्पन्न हुई. बैठक में प्रमुख रूप से कमिश्नर नवदीप रिणवा का बुके भेंट कर व्यापार अधिकार मंच के संयोजक सुशील जायसवाल, जिला प्रभारी कमल कौशल,महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश 'रूपन'ने किया। आई. जी. के.पी. सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार,नगर आयुक्त विशाल सिंह,एस.एस.पी.शैलेश पाण्डेय,एस पी सिटी विजयपाल सिंह, सीओ सिटी पलाश बंसल,सीओ यातायात राजेश पाण्डेय,अपर आयुक्त,आर टी ओ के साथ व्यापारी नेताओं ने शहर की समस्यायों में वाहन पार्किंग, पटरी पर अतिक्रमण, वेंडिंग जोन के शीघ्र निर्माण,भव्य और नव्य बनने जा रही अयोध्या की सड़कों की चौड़ाई को व्यवहारिक रूप से ही रखने आदि अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। तय ऐजेण्डा में भाजपा नेता व संयोजक व्यापार अधिकार मंच सुशील जायसवाल जिला प्रभारी कमल कौशल,महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश, रुपन,ने जहां जिले व नगर की समस्यायों वेंडिंग जोन, पार्किंग, वाहनों से हो रही अवैध वसूली, बैटरी रिक्शा पर एक नीति बनाने फुटपाथों को साफ रखने, प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को कम रखने, व्यापारी सुरक्षा, अपराध पर अंकुश आदि पर ध्यानाकर्षण किया,तो वहीं समाधान का भी मार्ग सुझाया। कमिश्नर श्री रिणवा ने संगठन के संवाद के तरीके की भूरि भूरि प्रशंसा करते आपसी सामंजस्य से सभी व्यापारी समस्यायों के समाधान हेतु पूर्ण तह संवेदनशील रहकर कार्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए और व्यापार संगठन को आश्वस्त किया। बैठक का संचालन स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय ने करते प्रयोग के तौर पर चौक, फतेहगंज में वनवे नीति लागू करने,नोइण्टरी अनुसार माल लोडिंग अन लोडिंग कराने व अपराधियों से कभी न डरने व व्यापारी सुरक्षा के प्रति पूर्ण आश्वस्त करते सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पाठशाला का किया गया आयोजन : 50 से अधिक केंद्रों पर लटकता रहा ताला

अयोध्या ब्यूरो : सरकार के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया।दर्जनों केंद्र पर आयोजन नही किया गया। मालूम हो कि सरकार के निर्देश पर बाल विकास खण्ड रुदौली के 209 केंद्रों में परियोजनाधिकारी सहित मुख्य सेविकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व सहायिका को केंद्रों पर पहुंच कर गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण की जानकारी देनी थी। शहर के आगनबाडी केंद्र नयागंज,सूफियाना,ग्रामीण क्षेत्र के कोलवा,मीसा,मेहनोरा,राम सरन दास पुर सहित दर्जनों केंद्र खुले ही नही।सोहसा आंगनबाड़ी केंद्र पर रेखा पांडेय व बिन्दुमती पांडेय,कायस्थाना में शैलजा मिश्रा ने गर्भवती व धात्री महिलाओं को खानपान,स्तन पान व शिशुओं की देखभाल के बारे में विस्तार से बताया। छह माह तक बच्चों को स्तनपान कराने की सलाह दी ।यह कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया जाना था लेकिन लगभग 50 से अधिक केंद्रों पर ताला लटकता रहा।सीडीपीओ सिद्ध दात्री पांडेय ने बताया सभी केन्दों से वाट्सएप पर आयोजन की फोटो मॉगी गई है।अभी तक सभी केंद्रों की सूचना नही मिल पाई है।कार्यक्रम नहीं आयोजित करने की जानकारी मुख्य सेविकाओं से मांगी गई है।जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील दिवस में मंडलायुक्त की शिकायत तो सड़क के मरम्मत का हो गया टेंडर

अयोध्या ब्यूरो : शिवदासपुर के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ला ने तहसील दिवस की थी शिकायत, विकासखंड मसौधा क्षेत्र के शिवदासपुर जाने वाला संपर्क बुरी तरह बदहाल हो गया है लगभग 7 वर्ष से उसकी मरम्मत नहीं हुई ग्रामीणों का चलना दुश्वार हो गया तो शिवदासपुर के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ला ने इसकी शिकायत तहसील दिवस में किया जहां पर मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने तत्काल पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र लिखकर सड़क के मरम्मत करवाने के निर्देश दिए मंडलायुक्त नवदीप रिणवा के निर्देश पर शिवदासपुर संपर्क मार्ग की मरम्मत के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी। सदर तहसील के शिवदासपुर गांव जाने वाला संपर्क मार्ग पर एक एक फीट का गड्ढा हो गया है गड्ढे में गिरकर दर्जनों लोग घायल हो गए जिसके बाद शिवदासपुर के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ला ने बीते तहसील दिवस में शिकायत किया जहां पर उस दिन मंडलायुक्त नवदीप रिणवा मौके पर समाधान दिवस में प्रभारी के रूप में बैठे थे उनको पत्र मिलते हैं पीडब्ल्यूडी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तुरंत मरम्मत करने का निर्देश दिया पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता आलोक यादव ने बताया कि शिवदासपुर के पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ला की शिकायत पर मंडलायुक्त के निर्देश पर सड़क के मरम्मत का टेंडर हो गया है एक सप्ताह के अंदर मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

## पुलिस के मुताबिक सट्टा गिरोह के पाँच सदस्य गिरफ्तार लैपटाप और आठ मोबाइल बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के दिशा निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने नगर में सट्टा चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर सराहनीय कार्य किया है।पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया। किया।पुलिस ने उनके पास से एक लैपटाप और आठ मोबाइल के अलावा सट्टा रजिस्टर भी बरामद किया गया है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर देवेन्द्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक कैन्ट अरुण प्रताप सिंह की संयुक्त टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग सट्टेबाजी में लिप्त हैं। सूचना के आधार पर परिक्रमा मार्ग निकट अफीम कोठी के पास से आईपीएल पर सट्टा खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर कब्जे से सट्टा में प्रयोग किये जा रहे लैपटाप, 8 अदद मोबाइल व सट्टा रजिस्टर बरामद करने में सफलता मिली।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि लखनऊ आर्या नगर नाका निवासी अमित अरोड़ा सट्टा खिलाने का मुख्यकर्ताधर्ता है। जिसके संचालन में नगर क्षेत्र अयोध्या व कैन्ट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सट्टेबाजी होती है।पुलिस ने बताया कि अतहर निवासी कश्मीरी मोहल्ला, किशन कुमार शिवनगर पहाड़गंज, अतुल जायसवाल गुदड़ी बाजार, आशीष गुप्ता हैदरगंज, सूरज श्रीवास्तव उर्फ टुल्ली लाला आवास विकास कालोनी,अमित गुप्ता उर्फ लिटिल फतेहगंज, और मोहम्मद अशरफ उर्फ लाडले सदर बाजार स्थानीय स्तर पर सट्टा लगवाने का कार्य करते हैं। जिनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।वहीं गिरफ्तार होने वालों में अर्पित दुबे बनवीरपुर, रोहित शुक्ला शिवनगर सहादतगंज, अनूप गुप्ता हैदरगंज, शुभम पंजवानी रामनगर और श्रवण कुमार गुप्ता हैदरगंज शामिल हैं।

## अपर्णा यादव ने बताया शिवपाल यादव को भाजपा में शामिल होने का रास्ता

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू अपर्णा यादव ने प्रसपा अध्यक्ष व सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगर शिवपाल यादव पार्टी में आना चाहते हैं तो वह आलाकमान या शीर्ष नेताओं से बात कर सकते हैं। उन्होंने योगी राज की बात करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार रामराज की बात करती है तो उस पर अमल भी करती है। प्रदेश में वास्तव में रामराज है। जिसका नेतृत्व एक साधु (योगी आदित्यनाथ) के हाथ में है। सरकार ने आम लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। यह सभी वर्गों के लिए कारगर है। वहीं, आजम खां के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में आपराधिक प्रवृत्ति के लिए कोई जगह नहीं है। आजम खान अपने कोर्ट केस को देखें न कि राजनीति से प्रेरित होकर बयानबाजी करें। अखिलेश बोले, अब वो मेरे ही नहीं नेता सदन के भी चाचा हैं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि नेता सदन को हमारे चाचा की बहुत चिंता है। अब तक तो वह हमारे ही चाचा थे, लेकिन अब तो नेता सदन भी उन्हें चाचा बोल रहे हैं। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव पर चुटकी लेते हुए शिवपाल को चाचा कहकर संबोधित किया था। योगी और भाजपा विधायकों की ओर से बार–बार चाचा को लेकर तंज झेलने के बाद अखिलेश ने कहा कि नेता सदन को हमारे चाचा की बहुत चिंता है। यदि पीएम की फोटो नहीं होती तो सबसे पहले वैक्सीन लगवाता अखिलेश ने कहा कि अमेरिका, रूस, चीन सहित किसी भी देश ने कोरोना वैक्सीन के प्रमाण पत्र पर वहां के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री का फोटो प्रकाशित नहीं किया। लेकिन भारत में ही कोरोना वैक्सीन के प्रमाण पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोटो लगाया गया। उन्होंने कहा कि यदि वैक्सीन के प्रमाण पत्र पर मोदी का फोटो नहीं


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वत्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।